B.C. में' कोविड-19 का टीका लगाने की योजना के चरण 2 का विस्तार हो रहा है।

हमारे वरिष्ठ नागरिकों को कोविड-19 से सुरक्षा के लिए टीका लगवाने में हमारी सहायता करें। अपने समुदाय में वरिष्ठ नागरिकों के बीच इस बात का प्रचार करें कि शीघ्र ही उन्हें कोविड-19 की वैक्सीन की पहली खुराक के लिए बुक करवाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

लोगों को 2021 में होने वाली उनकी आयु के आधार पर बुक करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा (जैसे, यदि इसी वर्ष किसी समय आपकी आयु 90 वर्ष हो जाएगी तो आपको '90 तथा अधिक आयु' वाले समूह में बुक करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा)।

बुकिंग सोमवार, 8 मार्च से फोन द्वारा या ऑनलाइन की जा सकेगी (कृपया उस तिथि से पहले कॉल करने या बुक करने की कोशिश न करें)।

कोविड-19 के लिए *फ्रेज़र हैल्थ* द्वारा टीकाकरण बुकिंग फोन लाइन: 1-855-755-2455

यदि आप फ्रेज़र हैल्थ में रहते हैं तो आप Fraserhealth.ca/vaccinebooking पर ऑनलाइन बुक भी कर सकते हैं।

कृपया नोट करें: यह सेवाएं वैक्सीन की पहली खुराक के लिए मुलाकात बुक करवाने के लिए हैं तथा इस समय केवल *फ्रेज़र हैल्थ** के 80 वर्ष या अधिक आयु के वासियों तथा 65 वर्ष या अधिक आयु के आदिवासियों (*फर्स्ट नेशन्स, मेटिस, इनुइट*) के लिए हैं।

**फ्रेज़र हैल्थ क्षेत्र के समुदायों में शामिल हैं: ऐब्ट्सफर्ड, ऐनमोर, बर्नबी, बेल्लकारा, चिल्लिवाक, कोक्विटलम, डेल्टा, फ्रेज़र वैली रीजनल डिस्ट्रिक्ट, हैरिसन हॉट स्प्रिंग, होप, कैंट, लैंग्ली, मेपल रिज, न्यू वैस्ट मिन्स्टर, पिट मैडोस, पोर्ट कोक्विटलम, पोर्ट मूडी ,सरी तथा व्हाइट रॉक।*

कोविड-19 के लिए आदिवासी टीकाकरण क्लिनिक

फर्स्ट नेशन्स हैल्थ एथारिटी, मेटिस नेशन ब्रिटिश कोलंबिया, मित्रता केंद्रों तथा अन्य सामुदायिक संस्थाओं के साथ मिलकर कोविड-19 टीकाकरण क्लिनिक तथा सभ्याचारी सहायता उन लोगों के लिए हैं जो अपनी पहचान आदिवासियों (*फर्स्ट नेशन्स, मेटिस, इनुइट*) के रूप में करते हैं तथा जिनकी आयु 65 वर्ष या अधिक है या जो आदिवासी गुरुजन हैं।

अपने कोविड-19 टीकाकरण के लिए मुलाकात बुक करना

फोन पर कॉल करने से पहले निम्न चीजें तैयार रखें:

- पेन और कागज
- आपका निजी हेल्थ नंबर
- पूरा नाम
- जन्म तिथि
- डाक कोड

जरूरत पड़ने पर हमारी ओर से आपको कोई जरूरी संदेश भेजने के लिए एक फोन नंबर जिस पर आप टेक्स्ट संदेशे प्राप्त कर सकें अथवा एक ईमेल पता जिसे आप अक्सर देखते रहते हों।

हमारे कॉल सेंटर एजेंट कभी भी आपसे (क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारी सहित) कोई भी वित्तीय जानकारी नहीं मांगेंगे।

यदि आपके मन में वैक्सीन संबंधी कोई मेडिकल प्रश्न हैं तो कृपया अपने पारिवारिक डाक्टर या नर्स प्रेक्टीशनर से बात करें या *फ्रेज़र हेल्थ* की *वर्चुअल केयर* टीम को 1-800-314-0999 पर प्रातः 10 बजे से रात 10 बजे के बीच सप्ताह के किसी भी दिन कॉल करें या इन घंटों के बाद 8-1-1 पर कॉल करें।

यदि आपके मन में कोविड-19 के बारे में कोई सामान्य प्रश्न हैं तो कृपया 1-888-COVID19 (1-888-268-4319) पर कॉल करें या www.bccdc.ca/covid19 पर जाएं।

अपनी मुलाकात के लिए आपको क्या करना जरूरी है:

- कोविड-19 वैक्सीन स्वास्थ्य फाइल पढ़ें: https://www.healthlinkbc.ca/hlbc/files/documents/healthfiles/hfile124.pdf
- अपना BC सर्विसिज़ कार्ड/निजी हेल्थ नंबर तथा फोटो आई.डी., यदि हैं, साथ लाएं।
- अपना मास्क लगाएं। यदि आपके पास मास्क नहीं है तो हम आपको दे सकते हैं।

आपकी मुलाकात लगभग 20 से 25 मिनट चलेगी। यदि आपकी तबीयत खराब है, आपको कोविड-19 जैसे लक्षण हैं (जैसे, खांसी, सांस फूलना, बुखार, कंपकपी, सिरदर्द), या यदि आपको स्वयं को दूसरों से दूर रहने के लिए कहा गया है, तो कृपया मुलाकात के लिए न आएं।

हमारे समुदाय में कोविड-19 से प्रतिरक्षा में आपके योगदान के लिए आपका धन्यवाद!

हेल्थ कैनेडा द्वारा स्वीकृत कोविड-19 वैक्सीनें सुरक्षित तथा प्रभावशाली हैं तथा वे जीवन की सुरक्षा करेंगी। वैक्सीनें उन्हें लगाने वाले लोगों की ही सुरक्षा नहीं करतीं, वे आसपास के सभी लोगों की भी सुरक्षा करती हैं। किसी भी समुदाय में जितने अधिक लोग टीका लगवाएंगे और कोविड-19 से सुरक्षित होंगे, कोविड-19 के लिए फैलना उतना ही ज्यादा कठिन होगा।

याद रखें: प्रांतीय स्वास्थ्य अधिकारी (PHO) के आदेश तथा दिशा-निर्देश सभी के लिए लागू रहेंगे चाहे किसी को वैक्सीन लग चुकी हो। कृपया कोविड-19 के लिए सुरक्षा आचार का पालन जारी रखें, जैसे जमावड़ों से दूर रहना, सार्वजनिक स्थानों के भीतर मास्क पहनना, बार बार हाथ धोना, अपनी कोहनी में खांसना तथा छींकना, तथा अन्य लोगों से दो मीटर की दूरी बनाकर रखना।

कोविड-19 के वैक्सीन संबंधी सूचना के लिए सबसे बढ़िया स्रोत *BC रोग नियंत्रण केंद्र* (BCCDC) है।

टीकाकरण के लिए अन्य आयु समूह कब और कैसे रजिस्टर करवा सकेंगे?

अन्य आयु समूहों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का ब्यौरा आने वाले सप्ताहों में उपलब्ध करवा दिया जाएगा। अधिक ब्यौरे के लिए ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की वेबसाइट देखें।

मैं टीका क्यों लगवाऊं?

सामुदायिक (झुंड की) प्रतिरक्षा तब शुरु हो सकती है जब B.C. के बड़ी संख्या में अधिकांश लोग कोविड-19 से प्रतिरक्षित हो जाएंगे। कोविड-19 का टीका लगवाने का निर्णय लेकर आप अपने परिवार तथा पूरे समुदाय की वायरस से सुरक्षा करके लोगों का जीवन बचाने में सहायता करते हैं।

हम सभी के लिए ऐसे कदम उठाकर एक दूसरे की रक्षा करना जरूरी है जिनके बारे में हम जानते हैं कि वे इस वायरस को फैलने से रोकते हैं, जैसे अपने हाथ धोना, तबीयत खराब होने पर घर में रहना, अनजान लोगों से शारीरिक दूरी बनाकर रखना तथा सार्वजनिक स्थानों के भीतर मास्क लगाना।

ब्रिटिश कोलंबिया में कोविड-19 के लिए वैक्सीन सभी के लिए निशुल्क है।

वैक्सीन के बारे में सामान्य जानकारी के लिए gov.bc.ca/covidvaccine या bccdc.ca/covid19 पर जाएं।